आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 13.08.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र ने ऋषिकेश में भूमिगत बिजली लाइनों के लिए 547 करोड़ से अधिक धनराशि मंजूर की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून नगर निगम के तहत केदारपुरम में योगा पार्क और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।
- उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली में खोज और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी। खीरगाड़ में बही पुलिया को दोबारा बनाया गया।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और सतपाल महाराज ने पौड़ी जिले में आपदा से हुए नुकसान को लेकर समीक्षा बैठक की।

केंद्र धनराशि मंजूर

ऋषिकेश में प्रमुख बाजारों और मार्गों पर बिजली लाइनों को भूमिगत किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 547 करोड़ से अधिक की धनराशि मंजूर की है। ऋषिकेश कुंभ क्षेत्र– गंगा कॉरिडोर में बिजली लाइनों को भूमिगत करने और ऋषिकेश, हरिद्वार व देहरादून में बिजली प्रणाली को स्वचालित किए जाने के लिए प्रस्तावित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के सापेक्ष केंद्र सरकार से कुल 547 करोड़ 83 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। बिजली लाइन भूमिगत किए जाने से ऋषिकेश शहर के नागरिकों को विशेष सुविधा मिलेगी। इससे भीड़ भरे बाजारों से तारों का जाल हट पाएगा। साथ ही सड़कों बाजारों में आवाजाही भी सुगम हो पाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस वित्तीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड केबलिंग से बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। साथ ही आपदा और प्रतिकूल मौसम के कारण पैदा होने वाले अवरोधों से सुरक्षा मिलेगी।

मुख्यमंत्री लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून नगर निगम के तहत केदारपुरम में योगा पार्क और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने ए.आई चैटबॉट 'निगम सारथी' लॉन्च किया और हरित नीति के डोक्यूमेंट का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने पर एक पेड़ माँ नाम के नाम के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपा, जो सरकार द्वारा चलाये गये वृहद पौधारोपण अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र देहरादून के अन्तर्गत इस वर्ष रोपा गया एक लाखवां पौधा था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सम्मान सेनानियों और कर निरीक्षकों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि केदारपुरम में आधुनिक योगा पार्क के जरिए, सरकार, राजधानी देहरादून में स्वास्थ्य, खुशहाली और पर्यावरण को साथ लेकर चलने की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशा मुक्ति के लिए प्रत्येक स्तर पर कार्य कर रही है।

नशा मुक्त भारत अभियान

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज बागेश्वर ज़िले में नशा उन्मूलन रैली निकाली गई। मुख्य बाज़ार से होते हुए नुमाइशखेत मैदान में संपन्न हुई रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं, पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स, एन.एस.एस कैडेट्स शामिल हुए। प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो, जीवन संवारो, युवा शक्ति–राष्ट्र की ताकत जैसे नारे लगाते हुए जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस

अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के ने कहा कि समाज से नशा उन्मूलन के लिए सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा।

रैली में शामिल छात्र–छात्राओं ने कहा कि वे लोगों को नशे के नुकसान और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

उधर, नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर चम्पावत जिले में जगह–जगह शपथ और रैलियों का आयोजन किया गया।

धराली आपदा अपडेट

उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली में खोज और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। खीरगाड़ में जल स्तर बढ़ने से खोज और बचाव दलों के आवागमन के लिए बनाई गई लकड़ी और लोहे के पाइप की पुलिया को फिर से स्थापित कर दिया गया है। खोजी कुत्ते जहां–जहां भी संकेत दे रहे हैं, वहां खुदाई कर लापता लोगों को ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। सेना के इंजीनियरों, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने धराली से मुखबा को जोड़ने वाले मुख्य झूला पुल का आज निरीक्षण किया और पुल के तुरंत मरम्मत की आवश्यकता बताई। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। फिलहाल पुल से आवागमन जारी है और राहत व बचाव दलों के सदस्य एक–एक कर पुल को पार कर रहे हैं। उधर, भागीरथी के रुके हुए जल प्रवाह से बनी झील पर जल निकासी के लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम और सिंचाई विभाग के 30 इंजीनियर व कार्मिकों की टीम मौके पर काम कर रही है। एनडीआरएफ की दो ओबीएम बोट भी हर्षिल पहुंच गई है। इसके अलावा आज दो चिनूक हेलीकॉप्टरों को धरासू में तैनात किया गया है। इससे प्रभावित क्षेत्रों तक आवश्यक उपकरणों और संसाधनों को पहुंचाने में आसानी होगी। आज बरेली से एक और एएलएच हेलीकॉप्टर को रेस्क्यू अभियान में शामिल करते धरासू में तैनात किया गया। डबरानी में वॉशआउट हुई सड़क को बनाने का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। वहीं भूतत्व और खनिकर्म के संयुक्त निदेशक, भूगर्भ वैज्ञानिकों की टीम के साथ हर्षिल पहुंच गए हैं।

आपदा बैठक

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और सतपाल महाराज ने पौड़ी जिले में आपदा से हुए नुकसान को लेकर आज जिलाधिकारी सभागार में समीक्षा बैठक की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आपदा में हुए नुकसान का आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए। श्री महाराज ने अधिकारियों क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और यातायात बहाली पर प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए।

डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आपदा प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं। साथ ही प्रभावित क्षेत्र के गावों में दो माह का राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

राज्यपाल भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में मौसम विज्ञान केन्द्र, देहरादून के नवनियुक्त निदेशक डॉ. सी.एस. तोमर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. तोमर को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. तोमर के नेतृत्व में मौसम विज्ञान केन्द्र आधुनिक तकनीक, सैटेलाइट डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों का उपयोग कर जनता को और अधिक सटीक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराएगा।

क्विज प्रतियोगिता

आज़ादी का अमृत महोत्सव और उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार देहरादून ने एक क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। सबसे पहले सही उत्तर देने वाले श्रोता का नाम अगले दिन के समाचार बुलेटिन में घोषित किया जाएगा। हमारा कल का प्रश्न था– स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री किस स्थान से भाषण देते हैं ?

सही उत्तर है– लाल किला

हमारे कल के विजेता हैं– देहरादून के यमुना कॉलोनी से बलबीर सिंह रावत

श्रोताओं आज का प्रश्न है– भारत विभाजन के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था? प्रश्न एक बार फिर सुन लें– भारत विभाजन के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

श्रोता अपने प्रश्न का उत्तर आकाशवाणी की ईमेल आईडी– rnudehradun@gmail.com या व्हाट्सएप नंबर – 97 60 26 80 51 पर भेज सकते हैं।